हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 19 नवम्बर, 2026/28, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 38

अव्ययित धनराशि

***4881 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के खातों में जमा अव्ययित धनराशि को वापिस मंगवाया गया है; यदि हां, तो यह निर्णय कब लिया गया व इसके क्या कारण एवं आधार रहे;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक ग्राम पंचायतों से कितनी धनराशि वापिस मंगवाई गई; ब्यौरा जिलावार व पंचायतवार दें; यह धनराशि किन योजनाओं, मदों एवं वित्तीय स्रोतों (केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग अथवा अन्य योजनाओं) के तहत जारी की गई थी तथा प्रत्येक मद से कितनी धनराशि वापिस मंगवाई गई;

(ग) क्या वापिस ली गई धनराशि उन्हीं मूल योजनाओं एवं पूर्व निर्धारित विकास कार्यों पर व्यय होगी अथवा अन्य मदों में व्यपवर्तित की जाएगी; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(घ) क्या वापिस ली गई धनराशि के व्यय हेतु कोई नई कार्य योजना या दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं; यदि हां, तो उपरोक्त राशि किन-किन विकास कार्यों पर किस स्तर पर किन-किन विकास कार्यों पर किस अवधि में व्यय की जाएगी; ब्यौरा दें; और

(ङ) क्या वापिस ली गई धनराशि पंचायतों को पुनः उपलब्ध करवाई जाएगी; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Section-118

***4882 Sh. Hardeep Singh Bawa(Nalagarh) :**
Sh. Randhir Sharma(Sri Naina Deviji) :

Will the **Revenue Minister** be pleased to state :-

(a) the year-wise number of applications received, permissions grated, applications rejected and cases pending under Section-118 of the Himachal Pradesh Tenancy and Land Reforms Act, 1972 from 01 January, 2023 to 31 October, 2026;

(b) the names and addresses of persons/institutions granted permission, along with the location, area of land, purpose and date of permission; year-wise; and

(c) the names and addresses of applicants whose applications were rejected, along with the location area of land, proposed purpose and reasons for rejection; year-wise?

पी0डी0एन0ए0

***4883 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लोक निर्माण मण्डल चौपाल एवं ठियोग में पी0डी0एन0ए0 के अंतर्गत वर्ष 2023 में कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी;

(ख) यह धनराशि किन-किन योजनाओं / कार्यों हेतु स्वीकृत की गई थी; ब्यौरा योजना के नाम, स्थान, स्वीकृत धनराशि तथा संबंधित लोक निर्माण मण्डल के नाम सहित दें; और

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक किन-किन योजनाओं / कार्यों पर स्वीकृत धनराशि व्यय

नहीं हुई; ब्यौरा योजना / कार्य के नाम, स्थान तथा अव्ययित धनराशि सहित दें; स्वीकृत धनराशि कब तक व्यय की जाएगी?

पुनर्वास

***4884 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण कितने परिवार भूमिहीन एवं विस्थापित हुए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं जिलावार दें;

(ख) क्या सरकार द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास हेतु भूमि आबंटन एवं मकान निर्माण हेतु कोई नीति अथवा योजना बनाई गई है; यदि हां, तो दिनांक 01.11.2026 तक कितने प्रभावित परिवारों का पुनर्वास किया जा चुका है तथा कितने प्रभावित परिवारों के मामले लम्बित हैं; जिलावार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ग) शेष प्रभावित परिवारों के पुनर्वास हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

राज्य स्तरीय एकल खिड़की

***4885 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विगत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक राज्य स्तरीय एकल खिड़की स्वीकृति एवं अनुश्रवण प्राधिकरण की कुल कितनी बैठकें आयोजित की गईं तथा प्रत्येक बैठक में कितनी औद्योगिक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई; बैठकवार ब्यौरा दें;

(ख) स्वीकृत कंपनियों के नाम, निदेशकों के नाम, निवेश राशि, स्थान, भूमि आबंटन, अनुमतियों, सब्सिडी, विशेष वित्तीय पैकेज, कर छूट एवं अन्य रियायतों का कंपनीवार ब्यौरा दें;

(ग) कितनी कंपनियों को निर्धारित औद्योगिक नीति से हटकर विशेष छूट अथवा अतिरिक्त वित्तीय लाभ प्रदान किए गए तथा किन अधिकारियों एवं विभागों की संस्तुति पर ये लाभ दिए गए;

(घ) क्या अपूर्ण दस्तावेजों, पात्रता अथवा निर्धारित शर्तों में कमी के बावजूद भी किसी कंपनी को स्वीकृति या लाभ दिया गया; स्वीकृत निवेश के मुकाबले वास्तव में कितना निवेश हुआ, कितनी कंपनियों ने उत्पादन शुरू किया तथा कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला; कितनी कंपनियों ने शर्तों का उल्लंघन किया अथवा उद्योग स्थापित नहीं किए तथा उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ङ) सरकार को इन मामलों में हुए वित्तीय नुकसान, अनियमितताओं की जांच, जिम्मेदार अधिकारियों, दोषियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा वसूल की गई धनराशि का ब्यौरा दें?

टाउन हॉल सुजानपुर

***4886 कैप्टन रणजीत सिंह (सुजानपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत टाउन हॉल का निर्माण कार्य लंबित है तथा इसका मात्र 10 प्रतिशत कार्य ही शेष है जबकि इस हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है; यदि हां, तो विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ख) टाउन हॉल के शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु विभाग द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बिजली कटौती

***4887 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में अघोषित पावर कट लग रहे हैं; यदि हां, तो क्षेत्रवार विद्युत आपूर्ति बाधित होने के मुख्य तकनीकी एवं प्रशासनिक कारण क्या हैं तथा इसके समाधान एवं सुदृढ़ीकरण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(ख) यह भी सत्य है कि प्रदेश सरकार/राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा दो बड़ी विद्युत परियोजनाओं से विद्युत खरीदने से इनकार करते हुए उक्त परियोजनाओं द्वारा उत्पादित बिजली खुले बाजार (ओपन मार्केट) में बेचने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में विद्युत संकट उत्पन्न हुआ है; यदि हां, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

तांदी संगम घाट

***4888 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक तांदी संगम घाट हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया

गया व कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस हेतु स्वीकृत धनराशि व्यय नहीं की गई है; यदि हां, तो कारण?

बी0पी0एल0 सर्वे

***4889 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पंचायतों में बी0पी0एल0 सर्वे/ सत्यापन कार्यक्रमों हेतु विभाग द्वारा कोई आधिकारिक अधिसूचना/दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) उक्त दिशा-निर्देशों में किन-किन अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा क्या स्थानीय विधायक को पूर्व सूचना या आमंत्रण का प्रावधान है; यदि नहीं, तो विधायक को सूचित किए बिना अन्य स्थानीय राजनीतिक व्यक्तियों को किस नियम/आदेश के तहत आमंत्रित किया जा रहा है; और

(ग) बी0पी0एल0 सत्यापन की प्रक्रिया में राजनीतिक हस्तक्षेप पर विभागीय नियम क्या हैं तथा इस निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 01.11.2026 तक आयोजित कार्यक्रमों की तिथि, स्थान व उपस्थित व्यक्तियों का ब्यौरा दें?

कर्मचारी भविष्य निधि

***4890 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मै0 तेजवन्त राय गवर्नमैंट कांट्रैक्टर में स्टोर मैनेजर के पद पर जो कर्मचारी कार्यरत था का क्या नियमानुसार कर्मचारी भविष्य निधि (ई0पी0एफ0) काटा जाता था; यदि नहीं, तो कारण; क्या उक्त कर्मचारी का प्रावधित नियमानुसार बीमा किया गया था; ब्यौरा दें?

अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय

***4891 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित/स्थानांतरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस हेतु किस स्थान/मोहाल में कितने बीघा भूमि आबंटित की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) क्या भूमि विश्वविद्यालय के नाम हस्तांतरित हो चुकी है; यदि हां, तो किस तिथि को हस्तांतरित हुई; और

(ग) इस विश्वविद्यालय भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू होगा व इस हेतु दिनांक 01.11.2026 तक कितनी धनराशि स्वीकृत एवं जारी की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

पी0एच0सी0 मरवाड़ी

***4892 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाड़ी के भवन निर्माण हेतु धनराशि जारी की गई है; यदि नहीं, तो कारण तथा धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी?

ठेकेदारों की देनदारियां

***4893 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के जल शक्ति विभाग के तहत सभी मंडलों में ठेकेदारों की कुल कितनी धनराशि की देनदारियां भुगतान हेतु लंबित हैं; बकाया देनदारियों का ब्यौरा मंडलवार तथा संबंधित ठेकेदारों के नाम व पते सहित दें?

बस अड्डे का निर्माण

***4894 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा तथा इसे कब तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बिजली दरें

***4895 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिसम्बर, 2022 तथा वर्तमान में घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं हेतु प्रति यूनिट लागू विद्युत दरें क्या-क्या हैं; खपत श्रेणी, स्वीकृत भार तथा दुकानों, होटलों, ढाबों व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों हेतु श्रेणीवार तुलनात्मक ब्यौरा दें;

(ख) उपरोक्त अवधि में प्रदान की जा रही सरकारी सब्सिडी की दरें, पात्रता मापदण्ड

एवं शर्तें क्या हैं व सब्सिडी नीति में किए गए परिवर्तनों का ब्यौरा दें;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक विद्युत दरों, सब्सिडी, विद्युत शुल्क व अन्य उपकरों/ प्रभारों में कब-कब परिवर्तन किए गए तथा प्रत्येक परिवर्तन की तिथि, पूर्व व संशोधित दर परिवर्तन के कारण एवं संबंधित अधिसूचना का ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में विद्युत सब्सिडी पर वर्षवार बजटीय प्रावधान एवं वास्तविक व्यय कितना रहा तथा मूल दर, सब्सिडी व अन्य शुल्कों सहित प्रति यूनिट प्रभावी लागत में कितना परिवर्तन हुआ तथा इससे उपभोक्ताओं पर कितना आर्थिक भार अथवा राहत मिली?

सी0एस0आर0

***4896 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 में अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग, बागा के पास सी0एस0आर0 मद के तहत कितनी धनराशि उपलब्ध थी; इस निधि में से कार्यवार, स्थानवार कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई तथा प्रत्येक कार्य/परियोजना पर धनराशि व्यय किए जाने का आधार, मानदंड एवं स्वीकृति प्रक्रिया क्या थी; और

(ख) वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु सी0एस0आर0 मद में कुल कितनी धनराशि प्रस्तावित है तथा उक्त धनराशि को किन-किन कार्यों, योजनाओं एवं स्थानों पर कितनी-कितनी धनराशि के रूप में व्यय किया जाना प्रस्तावित है का ब्यौरा संबंधित कार्यों/परियोजनाओं का स्थान, कार्य एवं धनराशिवार दें?

रिक्त पद

***4897 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक चम्बा बस डिपो में चालकों, परिचालकों, मैकेनिकों तथा अन्य तकनीकी कर्मचारियों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की संख्या कितनी है; इन रिक्तियों के कारण कितने बस रूट प्रभावित हो रहे हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इस बस डिपो में बसों की मरम्मत, रख-रखाव एवं नई बसों की खरीद पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ग) क्या प्रदेश की दुर्गम एवं पहाड़ी सड़कों पर सुरक्षित बस संचालन हेतु पर्याप्त बसें

उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो जिलावार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

***4898 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रोहडू एवं डोडरा-क्वार मण्डलों में कुल कितनी सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गईं;

(ख) इस अवधि में किन-किन सड़क परियोजनाओं की निविदाएं आमंत्रित की गईं तथा ये निविदाएं किन-किन ठेकेदारों/निर्माण एजेंसियों को आबंटित की गईं; सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ग) डोडरा-क्वार मंडल के तहत जिस्कुण-जाखा सड़क की निविदा किस तिथि को आबंटित (अवार्ड) हुई तथा सड़क की कुल लागत कितनी है; ब्यौरा दें?

बस रूट

***4900 श्री विनोद सुल्तानपुरी (कसौली):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकार द्वारा बंद किए अथवा निजी ऑपरेटरों को आबंटित किए गए एच0आर0टी0सी0 के बस रूटों का पुनः आकलन किया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार ग्रामीणों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए इन बस रूटों पर एक सरकारी बस की नियमित सेवा पुनः शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) क्या सरकार निजी बस ऑपरेटरों की सेवाओं के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

विधायक क्षेत्र विकास निधि / डी0जी0

***4901 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना तथा डी0जी0 के तहत स्वीकृत कार्यों व गरीब लाभार्थियों की सहायता राशि के बिल कोषागारों में भुगतान हेतु लम्बित हैं; यदि हां, तो लम्बित बिलों का कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) गत दो वित्तीय वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक दोनों मदों के अंतर्गत कोषागारों में प्राप्त, स्वीकृत तथा लंबित बिलों की संख्या कितनी है; लंबित बिलों का मदवार एवं कुल धनराशि सहित ब्यौरा दें; क्या सरकार इस धनराशि को शीघ्र जारी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

विद्युत लाइनें

***4902 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विगत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा कुल कितनी बार व कितने समय के लिए बिजली शटडाउन की गई; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में विभाग द्वारा कुल कितनी एवं किस-किस प्रकार की कितने किलोमीटर बिजली की तारें बदली गईं; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में विद्युत लाइनों को बदलने पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितने किलोमीटर विद्युत लाइनें बदलने का कार्य शेष है?

परियोजना प्रभावित परिवार

***4903 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जी0एम0आर0 होली-बजोली तथा जे0एस0डब्ल्यू0 कुठेड़ जल विद्युत परियोजनाओं से भू-विस्थापित परिवारों की संख्या कितनी है; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक इन परियोजनाओं से कितने पात्र परिवारों को रोजगार, पुनर्वास एवं अन्य स्वीकृत लाभ प्राप्त नहीं हुए; परियोजनावार लंबित मामलों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें तथा उनके निस्तारण हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

वन मित्र

***4904 श्री दीप राज (करसोग) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में वन मित्रों के कितने पद विज्ञापित, स्वीकृत एवं भरे गए; ब्यौरा वर्षवार दें; वर्तमान में इस निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत वन मित्रों का ब्यौरा नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, ग्राम पंचायत, तैनाती स्थान व वन बीट सहित दें;

(ख) प्रत्येक चयनित वन मित्र की शैक्षणिक योग्यता, दसवीं एवं बारहवीं के अंकों का प्रतिशत, शारीरिक मापदंड, ग्राउंड टेस्ट परिणाम एवं चयन में प्राप्त कुल अंकों का ब्यौरा दें;

(ग) भर्ती की पात्रता एवं चयन मानदंड, श्रेणीवार मेरिट सूची तथा दस्तावेज सत्यापन की स्थिति; भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त शिकायतों की संख्या, जांच एवं की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें; और

(घ) वर्तमान में कार्यरत वन मित्रों व रिक्त पदों की संख्या कितनी-कितनी है तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

पेयजल समस्या

***4905 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत समताना, भैल, सोहारी, कठियाना, कुल्हेड़ा, बड़ा गांव, धबीरी, चंगर-टांगर, लोअर कन्नड़, धंगोटा, बल्ह बिहाल, सठवीं, कच्छवीं, दंदवीं, समैला एवं महारल सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है; यदि हां, तो इन क्षेत्रों में पेयजल समस्या के समाधान हेतु क्या पग उठाए गए; और

(ख) क्या इन क्षेत्रों में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सरकार

द्वारा नई पेयजल योजना, पुरानी योजनाओं में सुधार, पाइपलाइन विस्तार अथवा अतिरिक्त जल भंडारण टैंकों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है; यदि हां, तो क्षेत्रवार कार्य योजना को कब तक लागू कर दिया जाएगा?

विकासात्मक योजनाएं

***4906 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक नाबार्ड द्वारा प्रदेश में कितनी विकासात्मक योजनाएं स्वीकृत की गईं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) इस अवधि में स्वीकृत योजनाओं में से कितनी योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कितनी योजनाएं वर्तमान में लंबित हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं वर्षवार ब्यौरा दें?

कर्मचारियों का स्थानांतरण

***4907 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड में कार्यरत तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मचारियों को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित करने का प्रावधान है; यदि हां, तो संबंधित नीति, नियम एवं दिशा-निर्देशों का ब्यौरा दें; और

(ख) क्या लंबे समय से अपने गृह जिलों से बाहर सेवारत कर्मचारियों को प्रशासनिक आवश्यकता एवं गृह जिलों में रिक्त पदों की उपलब्धता के आधार पर उनके गृह जिले में स्थानांतरित करने का प्रावधान है; यदि हां, तो इस संबंध में उठाए गए पगों का ब्यौरा दें तथा क्या सरकार ऐसे कर्मचारियों को उनके गृह जिलों में स्थानांतरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

भांग की खेती

***4908 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में भांग की खेती को वैध/कानूनी रूप से अनुमति देने संबंधी की गई घोषणा की

अद्यतन स्थिति क्या है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश को प्रतिवर्ष भांग की वैध खेती से कितनी अतिरिक्त आय (राजस्व व उपकर) प्राप्त होने की संभावना है तथा यह अनुमान किस आधार पर तैयार किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार ने इस खेती से किसानों की आय में होने वाली संभावित वृद्धि तथा प्रदेश को प्राप्त होने वाले राजस्व का कोई स्वतंत्र आर्थिक आकलन करवाया है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

नाबार्ड

***4909 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक जिला कांगड़ा में जल शक्ति विभाग के तहत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा लंबित कार्यों में हो रहे विलंब के कारणों सहित दें?

छतड़ी-जलाड़ी सड़क मार्ग

***4910 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण मण्डल शाहपुर के छतड़ी-जलाड़ी सड़क मार्ग पर चकवन-बनिहार स्थान पर स्थित जंगल के बचाव हेतु क्या विभाग द्वारा Forest Management Road के तहत कोई प्रस्ताव वन विभाग को प्रेषित किया गया है; यदि हां, तो इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल, संघनेई

***4911 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल, संघनेई के निर्माण हेतु बजट में कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा दिनांक 01.11.2026 तक इस स्कूल के निर्माण हेतु कितनी धनराशि जारी एवं व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें;

(ख) वर्तमान में निर्माण कार्य में लगी निष्पादक एजेंसी/ठेकेदारों की कितनी देनदारियां

लंबित हैं; लंबित देनदारियों का ब्यौरा एजेंसी/ठेकेदार के नाम व पते सहित दें; और

(ग) इस स्कूल भवन एवं अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने हेतु कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है; शेष धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी; और

(घ) दिनांक 01.11.2026 तक स्कूल के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

रिक्त पद

***4912 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिविल अस्पताल बैजनाथ में डॉक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्टाफ के कितने पद स्वीकृत, कितने भरे तथा कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

मल्टी टास्क वर्कर्ज

***4913 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के शिक्षा विभाग में कार्यरत पार्ट-टाइम मल्टी टास्क वर्कर्ज की संख्या कितनी है; ये कर्मचारी कब तथा किस नीति के तहत नियुक्त किए गए थे; श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(ख) इन कर्मचारियों को प्रथम नियुक्ति के समय कुल कितना मानदेय प्राप्त होता था तथा वर्तमान में कितना प्राप्त हो रहा है व इनकी नियुक्ति के समय से लेकर दिनांक 01.11.2026 तक इनके मानदेय में कितनी वृद्धि की गई; ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि इन कर्मचारियों को वर्ष में केवल 10 माह का वेतन प्राप्त होता है; यदि हां, तो क्या सरकार इन्हें 12 माह वेतन देने का विचार रखती है; इन्हें प्रत्येक माह की किस तिथि को वेतन दिया जाता है; ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करने व न्यूनतम मासिक वेतन देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

प्राकृतिक खेती

*4914 **डॉ0 हंस राज (चुराह) :**
श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों की कुल कितनी संख्या है तथा गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्राकृतिक खेती योजना के तहत जिलावार स्वीकृत एवं व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा दें; प्राकृतिक उत्पादों के विपणन, प्रमाणन एवं उचित मूल्य सुनिश्चित करने हेतु सरकार की क्या योजना है; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में बंदरों, जंगली सूअरों एवं अन्य जंगली जानवरों से फसलों को हुए नुकसान के संबंध में प्राप्त शिकायतों, प्रदान किए गए मुआवजे तथा फसल सुरक्षा हेतु उठाए गए पगों का जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) इस अवधि में किसानों को उपलब्ध करवाई गई खाद, कीटनाशक एवं कृषि उपकरणों का ब्यौरा दें; और

(घ) प्रदेश में इस अवधि के दौरान विभिन्न फसलों के निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा उसमें वर्षवार की गई वृद्धि का ब्यौरा दें?

Cantonment Boards

*4915 **Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) who exercises administrative control over the Cantonment Boards and what are the respective powers and responsibilities of the Station Commander, President and Chief Executive Officer;

(b) what mechanism ensures accountability and transparency in decisions affecting the civilian population;

(c) why are public concerns and objections not resolved through amicable discussions and mutual consultation before decisions are implemented;

(d) what safeguards exist against unilateral administrative decisions that may adversely affect the rights and interests of civilian residents;

(e) how are disputes between the Cantonment administration and the general

public addressed when discussions fail and lead to confrontation and public unrest;

(f) what is the taxation structure, how is the revenue collected utilized and what benefits are provided to civilian residents' in return;

(g) what arrangements exist for the maintenance, management and public use of common areas including Gugga Mari grounds; and

(h) will the Government consider establishing an independent grievance-redressal mechanism under the Ministry of Defence/DGDE to ensure transparency, accountability and protection of civilian residents interests; details be given?

भवन निर्माण

***4916 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय तेलका, बनीखेत तथा भलेई के भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि की वन संरक्षण अधिनियम (FCA) संबंधी स्वीकृति विभाग को प्राप्त हो चुकी है; यदि हां, तो इन महाविद्यालयों के भवनों के निर्माण कार्य की प्रक्रिया कब तक आरम्भ कर दी जाएगी; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक इन कॉलेज भवनों के निमार्ण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हो चुकी है; ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो ये मामले वर्तमान में किस स्तर पर लंबित हैं तथा निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु विभाग द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करसोग

***4917 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करसोग के निर्माण कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत/जारी व व्यय की जा चुकी है;

(ख) इसका निर्माण कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं तथा इसे पूर्ण करने हेतु सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) क्या सरकार शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान करेगी; यदि हां, तो कितनी व कब तक?

सड़कों की टारिंग

***4918 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक लोक निर्माण विभाग, बड़सर मण्डल के अंतर्गत कुल कितनी सड़कों की टारिंग/पुनः टारिंग का कार्य किया गया; ब्यौरा सड़कवार व वर्षवार दें; और

(ख) इस मंडल में वर्तमान में ऐसी कितनी सड़कें हैं, जिनकी गत तीन वर्षों से टारिंग नहीं हुई है, जिन सड़कों की टारिंग लंबित है, उनकी टारिंग करवाने हेतु विभाग की प्रस्तावित कार्य योजना एवं संभावित समय-सीमा का ब्यौरा सड़कवार दें?

हिमकैड योजना (HIMCAD)

***4919 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में हिमकैड (HIMCAD) योजना के तहत 7 इंच व्यास के कितने सिंचाई ट्यूबवेल स्वीकृत किए गए; कितने ट्यूबवेलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका, कितने निर्माणाधीन व कितने लंबित हैं; अद्यतन स्थिति सहित ट्यूबवेलवार एवं स्थानवार ब्यौरा दें;

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

15 नवम्बर, 2026. **सचिव**